जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और विकासात्मक कार्यों को लेकर डीएम ने दिये कड़े निर्देश

साप्ताहिक समन्वय सह समीक्षा बैठक में डीएम ने परिवादों कों समयसीमा के अंदर निस्तारित करने का दिया निर्देश

बिहारशरीफ। स्थानीय समाहरणालय स्थित न्यू एनआईसी सभागार में जिला पदाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह की अध्यक्षता में साप्ताहिक समन्वय-सह-समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सभी अनुमंडल, प्रखंड और तकनीकी विभागों के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा गया कि जनसमस्याओं के निवारण में किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आम नागरिकों से जुड़े मुद्दों पर संवेदनशीलता दिखाते हुए सभी परिवादों का गुणवत्तापूर्ण और तय समय-सीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है, ताकि सरकार के लोक-कल्याणकारी संकल्पों का वास्तविक लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सके।



बैठक के दौरान सीपीजी पोर्टल, राज्यस्तरीय सहयोग पोर्टल और मुख्यमंत्री सचिवालय से प्राप्त परिवादों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। अधिकारियों को तय समय-सीमा के भीतर प्राथमिक व अंतिम प्रतिवेदन अपलोड करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, लंबित मामलों में शिकायतों के निवारण के बाद परिवादियों से विधिवत लिखित फीडबैक लेने और अनावश्यक विलंब वाले मामलों में त्वरित प्रशासनिक कार्रवाई करने को कहा गया। माननीय उच्च न्यायालय में लंबित वादों में समय पर प्रतिशपथ पत्र दायर करने तथा राष्ट्रीय व राज्य मानवाधिकार आयोग के मामलों में स्थलीय जांच कर विस्तृत विवरणी समर्पित करने के भी निर्देश दिए गए।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में 'एनीमिया मुक्त भारत' कार्यक्रम, गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) की स्क्रीनिंग और टीबी उन्मूलन अभियान की प्रगति का जायजा लिया गया। इसके अलावा, समाज कल्याण और आईसीडीएस के अंतर्गत प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना तथा नाबार्ड संपोषित नए आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा करने का सख्त निर्देश दिया गया।

सौर ऊर्जा और रूफटॉप सोलर पर विशेष फोकस : ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में निर्बाध पेयजल आपूर्ति, नल-जल योजना के संधारण, विद्युत आपूर्ति, ट्रांसफार्मर मरम्मत और श्पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजनाश के कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया गया। योजना के तहत मिल रहे आवेदनों पर संतोष व्यक्त करते हुए डीएम ने कहा कि बड़ी संख्या में आवेदन आना यह दर्शाता है कि लोग सौर ऊर्जा अपनाने में रुचि ले रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि अब पूरा ध्यान इन आवेदनों को तेजी से धरातल पर क्रियान्वित कर रूफटॉप सोलर लगवाने पर होना चाहिए।

ई-केवाईसी और राशन कार्ड पर विशेष निर्देश : खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के तहत नए राशन कार्डों के सृजन और ई-केवाईसी सत्यापन का कार्य शत-प्रतिशत पूरा करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से निर्देश दिया कि चूंकि लोक आस्था के महापर्व छठ पर परदेस में रहने वाले लोग बड़ी संख्या में घर लौटते हैं, इसलिए ई-केवाईसी कराने का यह सबसे सुनहरा अवसर है। इसे युद्धस्तर पर पूरा कराया जाए ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति राशन से वंचित न रहे। राशन कार्ड से जुड़े कार्यों और त्वरित प्रगति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अनुमंडल प्रशासन हिलसा और उनकी पूरी टीम के कार्यों की जमकर तारीफ की। उन्होंने 'टीम हिलसा' को 'गुड' कहते हुए शाबाशी दी और कहा कि हिलसा में जिस तत्परता से कार्य किया गया है, वह सराहनीय है तथा अन्य प्रखंडों और अनुमंडलों को भी इसी गति से अपने लक्ष्य हासिल करने चाहिए।



बदमाशों ने युवक को गोली मारकर किया जख्मी, रेफर

बिहारशरीफ। पीरबिगहा ओपी क्षेत्र के ओप गांव के तालाब के पास सोमवार की शाम अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर एक युवक को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। जख्मी युवक की पहचान परवलपुर थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव निवासी नीरज कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए एकंगरसराय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक, गोली युवक की केहुनी (को. हनी) में लगी है। फिलहाल, इस गोलीबारी की घटना के स्पष्ट कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। घटना की सूचना मिलते ही हिलसा डीएसपी-2 कुमार ऋषिराज के निर्देश पर पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा और जख्मी युवक को अस्पताल पहुंचवाने के साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि बदमाशों की पहचान कर उनकी जल्द से जल्द गिरफ्तारी की जा सके।

बिंद में बाइक पलटने से महिला जख्मी

बिहारशरीफ। बिन्द थाना क्षेत्र के बेनार-सकसोहरा मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप के पास बाइक पलटने की दुर्घटना में एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जख्मी महिला की पहचान सरमेरा थाना क्षेत्र के मसुमा गांव निवासी हरेराम पासवान की 50 वर्षीया पत्नी सुशीला देवी के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, बिहारशरीफ रेफर कर दिया गया।

भारत-न्यूजीलैंड अंडर-20 रग्बी मैच में स्कूली छात्रों को मिलेगा नि:शुल्क प्रवेश

बिहारशरीफ। राज्य खेल परिसर राजगीर में आगामी 27 अक्टूबर को भारत और न्यूजीलैंड के बीच अंडर-20 रग्बी सीरीज का रोमांचक मुकाबला खेला जाएगा। इस अंतरराष्ट्रीय मैच को स्टेडियम में जाकर देखने के लिए कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रबंध किया गया है। मैच देखने के इच्छुक विद्यार्थी अपने-अपने विद्यालयों के माध्यम से निशुल्क प्रवेश पास प्राप्त कर सकते हैं। आयोजन समिति के अनुसार स्टेडियम में दर्शकों की सीटें सीमित हैं, इसलिए पास 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर ही जारी किए जाएंगे। पास प्राप्त करने के लिए स्कूलों को औपचारिक आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदन के साथ मैच देखने जाने वाले विद्यार्थियों की कुल संख्या, उनके नाम, कक्षा और उम्र का स्पष्ट विवरण देना अनिवार्य किया गया है। छात्रों की सुरक्षा और अनुशासन बनाए रखने के लिए हर बीस विद्यार्थियों पर एक शिक्षक की उपस्थिति जरूरी रखी गई है। इसके अलावा, स्कूल प्रशासन को यह भी जानकारी देनी होगी कि वे विद्यार्थियों को किस वाहन से ला रहे हैं और उस वाहन का पंजीकरण संख्या क्या है। बिना वैध प्रवेश पास के किसी भी व्यक्ति को स्टेडियम के भीतर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मैच का आनंद लेने के लिए सभी दर्शकों को 27 अक्टूबर को दोपहर दो बजे से पहले स्टेडियम में अपना प्रवेश सुनिश्चित करना होगा। इच्छुक विद्यालय अपने छात्रों और शिक्षकों की पूरी सूची तैयार कर पास के लिए निर्धारित संपर्क नंबरों 8544411663 या 8544411662 पर तुरंत संपर्क कर सकते हैं। संपूर्ण विवरण उपलब्ध कराने के बाद ही विद्यालयों को पास जारी किए जाएंगे।

छठ पूजा की तैयारियों को लेकर नगर आयुक्त ने किया धनेश्वर और शिवपुरी घाट का निरीक्षण

बिहारशरीफ। लोक आस्था के महापर्व छठ पर व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा को ध्यान में रखते हुए शहर के छठ घाटों की साफ-सफाई और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की तैयारी युद्धस्तर पर शुरू कर दी गई है। नगर निगम क्षेत्र के कुल 28 प्रमुख छठ घाटों पर पानी की सफाई और गहराई की विशेष जांच कराई जा रही है।

सोमवार को नगर आयुक्त कृत्यानंद रंजन ने धनेश्वरघाट और शिवपुरी स्थित छठ तालाब का स्थलीय निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने तकिया छठ घाट से गंदा पानी और गाद निकालकर उसमें नया व साफ पानी भरने का कड़ा निर्देश दिया। इसके अलावा, बाबा मणिराम अखाड़ा, शिवपुरी और अन्य प्रमुख घाटों पर भी पुराने पानी की जगह स्वच्छ पानी भरने को कहा गया है, साथ ही घाटों की सीढ़ियों की विशेष रूप से सफाई कराने का निर्देश दिया गया है ताकि व्रतियों को अर्घ्य देने के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।



प्रशासन का मुख्य उद्देश्य छठ पर्व के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकना है। इसके तहत अधिक गहराई वाले और खतरनाक घाटों को चिह्नित कर वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। ऐसे स्थानों पर श्स्टॉप बैरियरश और खतरे के निशान (लाल निशान) लगाकर लोगों की आवाजाही को रोका जाएगा। साथ ही, घाटों पर बेहतर प्रकाश व्यवस्था (लाइटिंग) सुनिश्चित करने और संक्रमण से बचाव के लिए चूना तथा ब्लीचिंग पाउडर का नियमित छिड़काव कराने का निर्देश दिया गया है।

इस निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त के साथ उपनगर आयुक्त शम्स रजा, सिटी मैनेजर त्रिपुरारी शरण संजय, सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी कुंदन कुमार सहित नगर निगम के कई अन्य अधिकारी और कर्मी मौजूद रहे।



राजगीर में भारत-न्यूजीलैंड रग्बी का रोमांचक मुकाबला आज

• मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे अंतरराष्ट्रीय सीरीज का उद्घाटन • महिला-पुरुष अंडर-20 टीमों के बीच भिड़ंत के साथ मिक्स्ड टीमों के भी होंगे मुकाबले

बिहारशरीफ। मंगलवार की शाम अंतरराष्ट्रीय रग्बी का रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। राजगीर स्थित खेल परिसर के एथलेटिक स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड की माओरी अंडर-20 टीमों के बीच रग्बी सेवंस सीरीज खेली जाएगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मंगलवार को ही इस सीरीज का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। भारत-न्यूजीलैंड के बीच खेल संबंधों के 100 वर्ष पूरे होने के मौके पर आयोजित इस सीरीज में महिला और पुरुष टीमों के बीच मुकाबलों के साथ दोनों देशों के खिलाड़ियों की संयुक्त मिक्स्ड टीमें भी मैदान पर उतरेंगीं। यह आयोजन युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव देने के साथ खेल के जरिये दोनों देशों के बीच मैत्री और सहयोग को मजबूत करने का अवसर बनेगा। इस दौरान केंद्र और बिहार सरकार के मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी तथा रग्बी जगत से जुड़े पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

इसके कार्यक्रम के अनुसार, शाम 4 बजे से उद्घाटन एवं स्वागत समारोह शुरू होगा। इस दौरान भारत-न्यूजीलैंड खेल संबंधों के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित सीरीज के बारे में अतिथियों को जानकारी दी जाएगी। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ केंद्रीय युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री श्रीमती रक्षा खडसे, बिहार के ग्रामीण विकास विभाग और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री श्रवण कुमार, खेल एवं उद्योग मंत्री सुश्री श्रेयसी सिंह, न्यूजीलैंड के कार्यवाहक उच्चायुक्त मैट आयर्स, बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक श्रीमती प्रीता वर्मा और भारतीय रग्बी फुटबॉल यूनियन के अध्यक्ष राहुल बोस समेत अन्य गणमान्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल होंगे।

पुरुष टीम के मुकाबले से होगी शुरुआत: उद्घाटन के बाद शाम 4:20 बजे भारत और न्यूजीलैंड की अंडर-20 पुरुष टीमों के बीच मुकाबला शुरू होगा, जो शाम 4:40 बजे तक चलेगा। इससे पहले न्यूजीलैंड की माओरी पुरुष टीम पारंपरिक हाका प्रस्तुति देगी। दोनों देशों की टीमों के मैदान में प्रवेश, अतिथियों से परिचय और राष्ट्रीय गान के कार्यक्रम के बाद मुकाबले का रोमांच शुरू होगा।

पुरुष टीमों के मैच के बाद शाम 4:40 से 5 बजे तक भारतीय और न्यूजीलैंड की टीमों को स्मृति पदक प्रदान किए जाएंगे। इसके बाद महिला टीमों के मुकाबले की तैयारी होगी।

शाम 5:15 से 5:35 बजे तक भारत और न्यूजीलैंड की अंडर-20 महिला टीमों के बीच मैच खेला जाएगा। महिला मुकाबले से पहले न्यूजीलैंड की माओरी महिला टीम भी पारंपरिक हाका प्रस्तुति देगी।

मिक्स्ड टीमों के बीच भी होगे मुकाबले: इस आयोजन का एक प्रमुख आकर्षण भारत और न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों को मिलाकर बनाई गई मिक्स्ड टीमें होंगी। शाम 5:45 बजे से पुरुष और महिला मिक्स्ड टीमों का परिचय कराया जाएगा। इसके बाद श्यूनिटी सेवन्सश और श्सेंटेनरी सेवन्सश नाम से गठित टीमों के बीच मुकाबले खेले जाएंगे। पुरुष मिक्स्ड टीमों का मैच शाम 6:12 से 6:15 बजे तक और महिला मिक्स्ड टीमों का मैच शाम 6:15 से 6:35 बजे तक निर्धारित है।

इस दौरान दोनों देशों के खिलाड़ियों के बीच आपसी सहयोग, खेल भावना और मैत्री का संदेश देने पर जोर रहेगा। कार्यक्रम के समापन से पहले भारतीय और न्यूजीलैंड की महिला एवं पुरुष अंडर-20 टीमों को विशेष रूप से तैयार स्मृति पदक और फ्रेंडशिप शील्ड प्रदान की जाएगी। शाम 6:50 बजे से समापन एवं सम्मान समारोह शुरू होगा।

अपराधी को आजीवन कारावास की सजा

बिहारशरीफ। बिहारशरीफ के लहेरी थाना कांड संख्या 448/24 के मामले में बिहारशरीफ न्यायालय के एडीजे-01 द्वारा एक अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।

यह फैसला 26 अक्टूबर 2026 को सुनाया गया है। मामले के अनुसार बी.एन.एस. की धारा 103(1) के तहत दोषी पाए गए अभियुक्त हासिम खाँ उर्फ गुड्डू खान, पिता-स्व० कासीम खान, निवासी-भैंसासुर बड़ी मस्जिद, थाना लहेरी को आजीवन कारावास के साथ-साथ 5,000 (पाँच हजार) रुपये का अर्थदंड भी दिया गया है।

अर्थदंड नहीं देने की स्थिति में अभियुक्त को 1 (एक) माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। नालंदा पुलिस द्वारा अपराध के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई एवं दोषियों को न्यायालय से सजा दिलाने की दिशा में निरंतर प्रयास जारी हैं। इस मामले में एपीपी एस.एम. असलम हैं।







मुख्यमंत्री के राजगीर आगमन को लेकर कार्यक्रम स्थल 'नो फ्लाई जोन' घोषित

ड्रोन और पैराग्लाइडर के उपयोग पर लगी रोक

बिहारशरीफ। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का आगामी 27 अक्टूबर को नालंदा जिला अंतर्गत राजगीर क्षेत्र में परिभ्रमण कार्यक्रम संभावित है। मुख्यमंत्री की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए प्रशासन द्वारा कड़े और आवश्यक कदम उठाए गए हैं। सुरक्षा के दृष्टिकोण से चिन्हित कार्यक्रम स्थल और हेलीपैड क्षेत्र को 'टेंपरेरी रेड जोन' घोषित कर दिया गया है। इस आदेश के तहत उक्त क्षेत्र में ड्रोन, हॉट एयर बैलून, पैरा मोटर्स, पैरा ग्लाइडर्स, पावर्ड हैंड ग्लाइडर सहित अन्य सभी प्रकार के गैर-पारंपरिक उड़न दस्तों (नॉन-कन्वेंशनल फ्लाइंग ऑब्जेक्ट्स) के उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की चूक से बचने के लिए इस अवधि के दौरान चिन्हित रेड जोन क्षेत्र में किसी भी प्रकार के फ्लाइंग ऑब्जेक्ट को उड़ाने की अनुमति नहीं होगी। आदेश का उल्लंघन करने वालों पर सख्त प्रशासनिक व कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जनता दरबार में जिलाधिकारी ने 27 लोगों की फरियाद सुन त्वरित निष्पादन का दिया निर्देश

बिहारशरीफ। जिला मुख्यालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह की अध्यक्षता में आयोजित जनता के दरबार में बड़ी संख्या में लोग अपनी फरियाद लेकर पहुंचे। जन-सुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों से आए कुल 27 फरियादियों की समस्याओं को जिलाधिकारी ने बेहद गंभीरता के साथ सुना। इस दौरान पैतृक जमीन पर अवैध कब्जा, भूमि विवाद, बिजली कनेक्शन में विलंब, जमाबंदी सृजन अस्वीकृत होने तथा वंशावली सत्यापन में जनप्रतिनिधियों व कर्मियों द्वारा आनाकानी किए जाने जैसे कई अहम मामले सामने आए। मामलों की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद संबंधित विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का निपटारा पूरी पारदर्शिता, गुणवत्ता और तय समय सीमा के भीतर किया जाए, ताकि आम जनता को छोटे-छोटे कार्यों के लिए दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। सुनवाई के दौरान पैतृक जमीन पर अवैध कब्जे से जुड़े मामलों में अनुमंडल पदाधिकारी (हिलसा) को तुरंत आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया। वहीं, बिजली कनेक्शन से जुड़ी शिकायतों के समाधान की जिम्मेदारी कार्यपालक अभियंता (विद्युत अवर प्रमंडल, ग्रामीण) को सौंपी गई। इसके अलावा, जमाबंदी सृजन के अस्वीकृत आवेदनों की बारीकी से जांच कर नियमानुसार निष्पादन करने का जिम्मा अपर समाहर्ता, नालंदा को दिया गया। भूमि विवाद और वंशावली के कागजात पर आंगनवाड़ी सेविका, वार्ड सदस्य व पंच द्वारा हस्ताक्षर नहीं किए जाने से जुड़ी शिकायतों के निपटारे के लिए अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। जिला प्रशासन की इस सख्ती से समस्याओं के जल्द समाधान की उम्मीद जगी है।

कल बिहारशरीफ आयेंगे पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

एसपीएम कॉलेज में डॉ. राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा का करेंगे अनावरण

बिहारशरीफ। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आगामी 28 अक्टूबर को बिहारशरीफ आएंगे। इस दौरान वे शहर के मनीराम अखाड़ा स्थित सरदार पटेल मेमोरियल कॉलेज परिसर में देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की आदमकद प्रतिमा का अनावरण करेंगे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. महेश प्रसाद सिंह ने इस कार्यक्रम की आधिकारिक जानकारी दी है। प्राचार्य ने बताया कि प्रतिमा अनावरण समारोह को लेकर कॉलेज परिसर में जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। इस गरिमापूर्ण आयोजन के माध्यम से आधुनिक भारत के निर्माता और देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के महान व्यक्तित्व, कृतित्व तथा राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को याद किया जाएगा। सरदार पटेल मेमोरियल कॉलेज परिसर में उनकी प्रतिमा का यह अनावरण समारोह उनके महान आदर्शों और देश के प्रति समर्पण को स्मरण करने का एक ऐतिहासिक अवसर होगा। पूर्व मुख्यमंत्री के आगमन और कार्यक्रम को लेकर स्थानीय प्रशासन और कॉलेज परिवार द्वारा सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

बिंद में मारपीट मामले के तीन आरोपी गिरफ्तार

बिहारशरीफ। बिन्द थाना की पुलिस ने मारपीट की एक घटना में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक आरोपी को शेखपुरा जिले के राजोपुर गांव से और दो अन्य आरोपियों को बिन्द के रसलपुर गांव से धर दबोचा। थानाध्यक्ष मुरली मनोहर आजाद ने कार्रवाई की जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में रसलपुर गांव निवासी महाराज कुमार, राज. कुमार और निशांत कुमार शामिल हैं। पुलिस ने सभी गिरफ्तार आरोपियों को आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया है।

पूर्व मध्य रेल
खुली ई-निविदा सूचना
धनबाद मंडल की ओर से डी/विद्युत
सूचना सं- 10/टी.आर.डी./डी.एन.डब्ल्यू./डी.डी./26-27 मंडल रेल प्रबंधक पूर्व मध्य रेल धनबाद भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु खुली निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदा संख्या: टी.आर. डी./डी एन.डब्ल्यू./डी डी/10/26-27
1. कार्य का नाम एवं स्थान: रघुनाथपुर और दिनेरिंग रेल सेक्शन के बीच, सी.केलोमीटर 000/00-00 पर LC-03 B को स्थानांतरित करना, इसमें प्रस्तावित ROB के बदले एक अलग LC गेट की व्यवस्था करना भी शामिल है, का निविदा कार्य। 2. कार्य की अनुमानित लागत (एनआई.टी. शुल्क): रु. 32,84,844.00/- 3.अमानत राशि: रु. 64,600.00/- 4. निविदा खुलने एवं जमा करने कि तारीख और समय: निविदा ऑनलाइन जमा करने की तिथि और समय: 27.10.2026 दोपहर 12:00 बजे से पहले 15 घंटे पश्चात। विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा का पूरा पाठ से निविदा प्रपत्र खरीदा या देखा जा सकता है, आदि: निविदा विशेष सूचना, पात्रता मानदंड और विस्तृत दस्तावेज को डी.आर.एम. ई एस डी धनबाद https://www.rmpa.gov.in पर देखे जा सकते हैं और नोटिस का पूरा विवरण वेबसाइट से डी. आर.एम./पूर्व मध्य रेल/धनबाद के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। यदि आवश्यक हुआ तो सभी शुद्धिपत्र वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे।
मंडल रेल प्रबंधक पूर्व मध्य रेल, धनबाद
फैक्स/1182/डीएआर/टीकमगढ़/पी/26-27/40